विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना

स्नातकोत्तर सेमेस्टर–II सत्र–2024–2026 एवं सेमेस्टर–IV सत्र–2023–2025 परीक्षा के लिए Online परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि निम्न प्रकार है–

बिना दंड परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि	**25.07.2025 से 04.08.2025 तक**
विभाग / महाविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रपत्र स्वीकार (Accept) / अस्वीकार (Reject) करने की अंतिम तिथि (जिस तरह का केस हो)	**05.08.2025**

1. दिनांक 05.08.2025 से 100 / –रूपये प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा प्रपत्र भर सकते हैं जो परीक्षा प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व तक ही मान्य होगा।
2. परीक्षा अगस्त 2025 के तृतीय सप्ताह से संभावित है।
3. संबंधित विभाग / महाविद्यालय पूर्व में दिये गये **User ID** एवं **Password** का ही प्रयोग करेंगे।
4. जो परीक्षार्थी आंतरिक परीक्षा में अनुपस्थित हैं, वे परीक्षा प्रपत्र नहीं भरेंगे।
5. स्नातकोत्तर सेमेस्टर–II के लिए – परीक्षा शुल्क– 750 / –
6. स्नातकोत्तर सेमेस्टर–IV के लिए – परीक्षा शुल्क– 1050 / –, मूल प्रमाण पत्र शुल्क 600 / –, औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क 150 / – कुल 1800 / – रूपये देय होगा।
7. उपरोक्त तिथि के बाद परीक्षा प्रपत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेगें।
8. परीक्षा प्रपत्र **Online mode** में **www.vbuuniv.in / www.vbu.ac.in** में भरा जाएगा। परीक्षा फार्म भरने से पहले निम्नलिखित दिशा निर्देशों को ध्यान से पढ़ें:
   a) नए आवेदकों को **"Registration for New User"** लिंक पर क्लिक करना होगा जिससे **"Create User"** पेज खुल जाएगा।
   b) **"Create User"** पृष्ठ के अंतर्गत सभी जानकारियों को भरना अनिवार्य है जिन्हें तारांकित चिह्न(*) द्वारा इंगित किया गया है।
   c) आवेदक रजिस्ट्रेशन में अपना **Registration Number** और यूजरनेम में भी **Registration Number** डालना अनिवार्य है उसके बाद ही इसे सिस्टम द्वारा सत्यापित किया जायेगा।
   d) जिन आवेदकों के पास वैध ईमेल, आईडी नहीं है उन्हें नया **"User"** बनाने से पहले ईमेल, आईडी बनाना होगा। आवेदकों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ईमेल, आईडी और पासवर्ड को भविष्य के सभी पत्राचार / संदर्भ के लिए सुरक्षित रखा जाए।
   e) नए **"User"** के निर्माण की पुष्टि के लिए आपके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी जाएगा। पुष्टि करने के लिए उस ओटीपी को भरें।
   f) जो परीक्षार्थी पहले **Online mode** में परीक्षा प्रपत्र भर चुके हैं वे वही ईमेल, आई.डी. और पासवर्ड का प्रयोग करेंगे।
   g) आगे बढ़ने से पहले अपने पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी तैयार रखें। स्कैन की गई तस्वीर का आकार और हस्ताक्षर अलग–अलग **20 KB** से **50 KB** तक एवं **JPEG** फॉर्मेट में होना चाहिए। हस्ताक्षर केवल काली स्याही के बॉल पेन से किए जाने चाहिए।
   h) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करें और फॉर्म भरने के लिए आगे बढ़ें।
   i) **"Create User"** पृष्ठ को पूरा करने के बाद पृष्ठ के नीचे दिए गए **"Sign up"** बटन पर क्लिक करें।
   j) परीक्षा शुल्क भुगतान के पूर्व सभी कॉलम सही तरह से भरा है कि नहीं इसकी जाँच कर लें।
   k) **Final submission** के बाद किसी तरह का कोई संशोधन नहीं हो सकता है।
   l) फार्म भरने में किसी तरह की समस्या होने पर इन नम्बरों पर सम्पर्क स्थापित करें।
   7520381245, 8252642652

कुलपति के आदेश से
ह0 / –
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक / विभावि / प0–539 / 1756 / 2025
दिनांक– 12.07.25

प्रतिलिपि:

1. सभी विभागाध्यक्ष / प्रधानाचार्य, वि0 भा0 वि0 के अन्तर्गत।
2. कम्प्यूटर सेल, परीक्षा विभाग, वि.भा.वि. ।
3. परीक्षा विभाग के संबंधित सहायक ।
4. भंडार शाखा, परीक्षा, गोपनीय शाखा, परीक्षा, वि0 भा0 वि0 ।
5. कुलसचिव / वित्त पदाधिकारी, वि0 भा0 वि0।
6. निजी सहायक, कुलपति, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ ।
7. विश्वविद्यालय वेबसाइट(*www.vbu.ac.in*)

P.K. Manjhi 12/07/25
परीक्षा नियंत्रक

254 | Umesh/Form fillup-2023/

12/07/25